**दिनांक :17.07.2025** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- इन्दौर शहर लगातार 8वीं बार बना देश का सबसे स्वच्छ शहर, राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024 किये प्रदान।
- भोपाल, उज्जैन, देवास, बुदनी सहित 8 शहरों को मिला स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार, मुख्यमंत्री ने दी बधाई।
- प्रधानमंत्री कल से बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर, कई विकास कार्यो की देंगे सौगात।
- प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना सहित 11 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से:–**

## राष्ट्रपति स्वच्छ सर्वेक्षण

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024.25 के पुरस्कार समारोह में आज प्रदेश के आठ शहरों को पुरस्कार मिले हैं। इंदौर शहर ने लगातार आठवें वर्ष भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किए। मध्यप्रदेश के आठ शहरों को विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024.25 में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। भोपाल शहर को स्वच्छ शहरों में दूसरा स्थान मिला है। इसके अलावा देवास को 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों में प्रथम स्थान और शाहगंज को 20 हजार से कम आबादी वाले में शहरों में तीसरा स्थान मिला। स्वच्छ शहर में उज्जैन को 3 लाख से 10 लाख आबादी वाले शहरों में और बुदनी को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में पुरस्कार मिला। जबलपुर को सफाई मित्र सुरक्षित शहरों में दूसरा श्रेष्ठ शहर चुना गया है। वहीं ग्वालियर स्वच्छता प्रोमिसिग शहर का राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला है। इन पुरस्कारों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए इसे स्वच्छताकर्मियों की मेहनत बताया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण इंदौर

इंदौर स्वच्छता में लगातार 8वीं बार देश का सिरमौर बना है। स्वच्छता सर्वेक्षण में एक बार फिर बाजी मारते हुए 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटी कैटेगरी में इंदौर देशभर में सबसे आगे रहा। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव को यह अवॉर्ड दिया गया। महापौर पुष्यमिंत्र भार्गव ने इंदौर की जनता को बधाई देते हुए नागरिकों से

कल सफाई मित्रों का स्वागत करने को कहा ।

नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने इस कामयाबी को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि इंदौर अब दूसरे शहरों को प्रशिक्षण देगा।

इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा इस बार स्वच्छता लीग में भी कामयाबी पाई है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण भोपाल**

राजधानी भोपाल को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश का दूसरा सबसे साफ शहर घोषित किया गया है। भोपाल ने इस बार तीन स्थान की छलांग लगाई है और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की कैटेगरी में दूसरा स्थान हासिल किया है। भोपाल की महापौर मालती राय और नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। भाेपाल नगर निगम के माता मंदिर स्थित दफ्तर में जश्न मनाया गया। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सफाई मित्रों को माला पहनाकर और ढ़ोल की थाप के साथ सम्मान किया।

**प्रधानमंत्री-बिहार-पश्चिम बंगाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। बिहार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोतीहारी में सात हजार करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी चार नई अमृत भारत रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना भी करेंगे। प्रधानमंत्री कल ही पश्चिम बंगाल का दौरा भी करेंगे, जहां वे पांच हजार करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। ये परियोजनाएं तेल और गैस, बिजली, सड़क और रेलवे क्षेत्र से संबंधित हैं। श्री मोदी इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**मुख्यमंत्री-स्पेन यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दूसरे दिन का फोकस वैश्विक कपड़ा एवं फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से निवेश संवाद का रहा। स्पेन के गैलिसिया स्थित इंडिटेक्स मुख्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को "हरित, लागत-प्रतिस्पर्धी और ट्रेसिबल उत्पादन हब" के रूप में प्रस्तुत किया। बैठक में इंडीटेक्स समूह के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापारिक साझेदारी और सतत निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार टेक्सटाइल क्षेत्र में वैश्विक साझेदारियों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**न्यायाधीश-शपथ**

न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मध्यप्रदेश के 29वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। उन्होंने आज मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ले ली है। भोपाल स्थित राजभवन के में आयोजित एक सादे समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश विवेक अग्रवाल और सरकार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**मौसम**

प्रदेश में लगातार बारिश जारी है। जिससे नदी नाले उफान पर है। प्रदेश में अब तक 72 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया सहित 11 जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 16 जिलों के लिए आरेंज अलर्ट है। जिनमें जबलपुर, गुना, मंदसौर शामिल है। बाकी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार 21 जुलाई तक प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। इस बीच कल सीधी, सिंगरौली, डिण्डोरी, रीवा, शहडोल, में भारी बारिश हुई। सर्वाधिक बारिश मउगंज के नईगढ़ी में करीब 10 इंच बारिश दर्ज की गई।

**समाचार संक्षेप में** .....

- एम्स भोपाल के भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग (PMR) द्वारा संचालित लोअर लिंब प्रोस्थेटिक सेवा को एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। इसके तहत पिछले एक साल से दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैरों का वितरण किया जा रहा है।

एम्स की यह पहल दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मविश्वास, गतिशीलता और आत्मनिर्भरता लाने में एक महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरी है।

- गुना में आज एक जिला एक उत्पाद एवं निर्यात प्रोत्साहन विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के प्रमुख अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं उद्यमियों ने भाग लिया।
- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बिजली चोरी की रोकथाम के लिए पुरस्कार योजना चला रही है। योजना में बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।
- सीहोर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र में फसलों पर बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।
- झाबुआ में बैंक ऑफ बड़ौदा, रतलाम रीजन द्वारा "एक नई पहल" अभियान के तहत कृषि ऋण वितरण मेगा कैंप का आयोजन किया गया।
- शहडोल जिले के समस्त थाना क्षेत्रो में 'नशे से दूरी, है जरूरी' अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस विभाग के मैदानी अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा युवाओ, विद्यार्थियो, लोगो को नशे के दुष्परिणामो के प्रति जागरूक किया जा रहा है।
- शाजापुर में"बेटी बचाओ बेटी पढाओ सम्मलेन" का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओ, महिलाओ का सम्मान किया गया ।